तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार, 15 अप्रैल 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



14 बाबासाहेब की जयंती पर संविधान की उद्देशिका ...



14 छात्र-छात्राओं ने किया बौद्धिक, यांत्रिक एवं




## खबर संक्षेप



### गोतपुर में भारत रत्न डॉ आंबेडकर की जयंती मनाई

**कांकेर।** भाजपा कांकेर ग्रामीण मंडल के द्वारा पूजा पाठ दीप प्रचलित कर 14 सोमवार को ग्राम पंचायत गोतपुर में भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच प्रमिला शोरी, मंडल अध्यक्ष कमलेश उसेंडी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष ईश्वर कावड़े, पूर्व मंडल अध्यक्ष नारायण पोटाई, मंडल उपाध्यक्ष व सेवा पखवाड़ा के संयोजक दशरथ साहू, उत्तम जैन, मंडल महामंत्री प्रकाश निषाद, संवत नेताम, बूथ अध्यक्ष कमलेश देवांगन, खुबीराम देवांगन, सुरेंद्र साहू, विवेकानंद जैन, गोकुल पटेल, मनोज पटेल, सुरेश जैन, धर्मेंद्र साहू, सोनाराम नेताम, राजेंद्र मरकाम, गौरव देवांगन एवं पंचायत के सदस्य उपस्थित रहे।

### अवैध देशी शराब की गई जब्त

**कांकेर।** गोण्डाहुर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि आरोपी सुशंकर बाला पिता सुनील निवासी पीव्ही 19 देशी शराब को बेच रहा है। पुलिस ने जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत पुलिस 12 अप्रैल को आरोपी के घर छापा मारा। आरोपी के कब्जे से 4 लीटर देशी शराब को जप्त किया गया है। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया।

### सर्प दंश से किसान की हुई मौत

**कांकेर।** धमतरी जिले के थाना दुगली ग्राम चिवर्री निवासी किसान संतोष मरकाम खेत में पानी पलाते समय 13 अप्रैल को सांप ने काट लिया। ईलाज के लिए किसान को नरहरपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत बताया। स्वास्थ्य केंद्र के स्टाप की जानकारी पर नरहरपुर पुलिस ने मामले की जीरों में कायमी करते हुए पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंपा और विवेचना में लिए डायरी संबंधित थाना को भेजा गया।

### आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज का वार्षिक अधिवेशन 19 अप्रैल को

**सरोना।** प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी जिले के आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज का 37वां वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया जा रहा है। यह समारोह जिले के टांहकापार कार्यालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है और यह 19 अप्रैल शनिवार को मुड़ा क्षेत्र के बागडोंगरी के अंतर्गत नरहरपुर नगर में होगा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे मां शीतला ▶▶|शेष पेज 12 पर

**अपराध :** 14 शिक्षक व 4 पंचायत सचिव लालच में फंसे

# बैंक के अधिकारी व कर्मचारियों के चक्कर में शासकीय कर्मचारी हुए ठगी के शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कांकेर

जिले के 28 शासकीय कर्मचारी लोन की आधी राशि नहीं भरने के लालच में फंसकर करोड़ो की राशि को गंवा बैठे, इन

- दो बैंक से एक ही दिन में लोन हुआ पास, बैंक कर्मचारी संलिप्त
- लोन में निकाली आधी रकम स्वयं रख लेते थे ठग, ईएमआई पटाने का दिया था झांसा

28 शासकीय कर्मचारियों में 14 शिक्षक है। शिकायत करने के लिए एक से दो शासकीय कर्मचारी रोज थाना पहुंच रहे है और ठगी के शिकार होने वालों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपियों का कहना है कि बैंक कर्मचारी को कमीशन देते थे, तभी उनके सलाह पर ही इस खेल को खेला गया। एक व्यक्ति को दो बैंक से एक ही दिन में लोन को पास करवाया गया, यह सब सेटिंग से ही संभव हो सका।

जानकारी के अनुसार ठगी करने वाला गैंग शिक्षकों को ज्यादा फंसाता था और दूसरा लक्ष्य ग्राम पंचायत के सचिव, वन विभाग के छोटे कर्मचारी और स्वास्थ्य विभाग के छोटे कर्मचारी को लालच दिखाकर सपनों की उड़ान में उड़ाकर अपने जाल में फंसाते थे। जिले के 14 शिक्षक मनोज सिन्हा पिता भीखम सिन्हा निवासी पंडरीपानी चारामा से ठगी राशि 13 लाख 75 हजार, गायत्री पति खम्मन नेताम निवासी अलबेलापारा से ठगी राशि 12 लाख 69 ▶▶|शेष पेज 12 पर



अपराध : चिन्हांकित 06 आरोपी फरार है, पुलिस तलाश में जुटी

सरकारी कर्मचारियों को झांसा देकर से 3.72 करोड़ की ठगी 7, आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

### चार पंचायत सचिव भी फंसे

जिले के 04 पंचायत सचिव अरूण कुमार नायक पिता राजाराम नायक निवासी पटौद कांकेर से ठगी राशि 10 लाख 90 हजार, धीरजराम जैन पिता घुरउ राम जैन निवासी साहवाड़ा चारामा से ठगी राशि 2 लाख 41 हजार, राज कुमार सलाम पिता तुलीराम सलाम निवासी ठेलकाबोड़ कांकेर से ठगी राशि 6 लाख 45 हजार रूपएं और सूरोध जुरीं पिता स्व. माहरा राम जुरी निवासी पलेवा नरहरपुर से ठगी राशि 14 लाख 32 हजार ठग लिए। अरूण कुमार नायक को ग्रामीण बैंक एवं आईसीआईसीआई बैंक यानी दोनो बैंक से 31 मई 2024 को लोन पास करवा दिया।

### वन विभाग के 03 कर्मचारी भी फंसे

संगीता मंडावी पिता बलीराम मंडावी निवासी तिरकादंड चारामा से ठगी राशि 14 लाख 17 हजार, सूरूज लाल करगा पिता अंजोर सिंग करगा निवासी डुमरपानी नरहरपुर से ठगी राशि 16 लाख 52 हजार, कामिनी नेताम पिता संजय नेताम निवासी चिनौरी चारामा से ठगी राशि 11 लाख रूपएं है।

### स्वास्थ्य विभाग के 04 कर्मचारी भी फंसे

प्रकाशचंद सिन्हा पिता स्व. रामरतन सिन्हा निवासी आईएस कालोनी श्रीरामनगर कांकेर से ठगी राशि साढ़ 7 लाख, जमीरा भगत पति कृष्ण कुमार निवासी माकड़ीखूना कांकेर से ठगी राशि 6 लाख 26 हजार, कलीराम उसेंडी और योगेश कुमार नेताम भी ठगी के शिकार हुए।

### एमडी फरार, पुलिस तलाश में जुटी

थाना प्रभारी मनीष नागर ने बताया कि जेल की सलाखो में पहुँचे 7 आरोपियों में से 6 आरोपी रायपुर के जेल में इसी तरह की गड़बड़ी करने के मामले में जेल में कैद थे। कांकेर पुलिस प्रोटक्शन वारंट के तहत 6 आरोपियों को कांकेर लाई वहीं एक आरोपी चारामा निवासी नेकराम सिन्हा को कांकेर पुलिस को पकड़ने में सफलता मिली है। इस पूरे खेल का मास्टर माईंड एवं कंपनी का एमडी फरार है, जिसकी तलाश में कांकेर पुलिस की टीम पतासाजी में जुटी है।

# ग्राम पंचायत में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केन्द्र बनने से ग्रामीणों को होगा सीधा लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶|कांकेर

संविधान निर्माता भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में जिला

- आंबेडकर जयंती पर सीएम का वर्चुअल उद्बोधन

पंचायत के सभाकक्ष में वर्चुअल माध्यम से सामाजिक समरसता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जनप्रतिनिधियों को संबोधित किया।

जिला पंचायत के सभाकक्ष में 14 अप्रैल को दोपहर में आयोजित वर्चुअल कार्यकम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने संबोधित करते हुए कहा कि अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केन्द्र के लिए प्रत्येक विकासखण्ड से 10-10 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सीएससी सर्विस प्रदाता के माध्यम से एमओयू की कार्यवाही की गई। साथ ही प्रधामंत्री आवास योजना का ज्यादातर लोगों को लाभान्वित करने आवास प्लस सर्वेक्षण कार्यक्रम के बारे में बताया। उप मुख्यमंत्री ने गांवों में भू-जल स्तर में वृद्धि करने के संबंध में जानकारी देकर वाटर हार्वेस्टिंग पर जोर दिया। कार्यक्रम में जिले से मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित सांसद ने संबोधित करते हुए कहा कि संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान आज भी प्रासंगिक है और सभी देशवासी उनके दिखाए मार्ग पर चलकर अपने जीवन की दशा और दिशा में सकारात्मक विकास कर रहे हैं।

विशिष्ट अतिथि की आसंदी से उपस्थित विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित मोर दुवार साय सरकार के तहत आवास प्लस योजना के माध्यम से जिले के प्रत्येक पात्र हितग्राही को आवास दिया जाएगा। इसका लाभ ▶▶|शेष पेज 12 पर

## डॉ.आम्बेडकर जयंती पर शहर में निकाली बाइक रैली

**कांकेर।** विकासखण्ड कांकेर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। इस उपलक्ष्य में जिला मुख्यालय में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर सामुदायिक भवन सुभाष वार्ड में सुबह 9 बजे से बाइक रैली निकाली जो नगर भ्रमण कर कलेक्टर परिसर के समीप आदमकद डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा में पूजा अर्चना कर संविधान के प्रस्तावना का वाचन कर पंचशील ▶▶|शेष पेज 12 पर



## बाइक चालक की लापरवाही से हुई मौत, पुलिस ने दर्ज किया अपराध

**कांकेर।** मोटर सायकल चालक सीजी 19 बीआर 7866 का चालक बिंदेश उसेण्डी की लापरवाही से राजकुमार नेताम की मौत हो गई थी, जिसकी पुष्टि मर्ग जांच के दौरान हुई। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। विवेचना में जानकारी मिली कि घटना दिनांक 11 मार्च 2025 को मृतक राजकुमार नेताम सुबह लगभग साढ़े 10 बजे अपने




रिश्तेदार फूलचंद पद्माकर निवासी मुरवेंड थाना केशकाल के घर पारिवारिक कार्य से अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 10 बीएस 3062 से गया हुआ था और उसी दिन शाम को वापिस अपने घर ग्राम गोवर्धन आ रहा था, करीबन सायं 7 बजे बजे ग्राम कोमलपुर जाने वाले रास्ता मोड़ राष्ट्रीय राजमार्ग 30 मेन रोड जियो टावर के पास पहुंचा था कि सामने की ओर से आ ▶▶|शेष पेज 12 पर

# डॉ. आम्बेडकर जयंती सभी समाज को देती है सामाजिक समरसता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सरोना

तहसील सरोना अन्तर्गत सरोना में कोसरिया महार समाज क्षेत्र सरोना एवं धनकर गड़रिया समाज क्षेत्र

- टीन शेड लगाने की मांग पर 10 लाख देने की करी घोषणा



सरोना के नव निर्मित समाजिक भवन का लोकार्पण मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम के द्वारा किया गया। समाज की माँग पर विधायक ने टीन शेड लगाने के लिए 10 लाख रूपएं देने की घोषणा किया।

प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी डां भीमराव अम्बेडकर की जयंती में सर्वप्रथम बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुजा अर्चना कर विशाल रैली नर्सरी पारा से निकल कर गोंडवाना चौक, बस स्टैंड, बस स्टैंड में चेम्बर्स आफ कामर्स द्वारा शर्बत व बिस्कुट वितरण किया फिर रैली पुरानी बाजार से होते कन्या हाई स्कूल होकर नया समाजिक भवन एवं सभा स्थल पर समाप्त हुई। रैली में महार समाज, सतनामी समाज एवं धनकर समाज सम्मिलित हुए। मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम ने महार समाज, सतनामी समाज, धनकर समाज के लोगों की तारीफ करते हुए कहा कि अंबेडकर की जयंती सभी वर्गों, जातियों के लोगों को समाजिक समारता दिखाते हुए संगठित होकर तालमेल मिलाकर उत्साह पूर्वक मनाना चाहिए एवं अपने बच्चों को शिक्षित करना आवश्यक है। अंतिम शब्दों में उन्होंने महार समाज, धनकर समाज को टीना शेड निर्माण के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा किया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ने भी सभी लोगों को समाजिक समारता, शिक्षा, संगठन पर अपनी बातें कही। जनपद सदस्य चिंतामणी रामटेके ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर के बारे में बताया और नारी शिक्षा पर जोर दिया।

इस अवसर पर चन्द्रभान नेताम जनपद सदस्य, संजय कोड़ोपी पुर्व जनपद अध्यक्ष, विशेष अतिथि दीपिका वट्टी सरपंच सरोना, दिनेश सहारे उपसरपंच, सूरज कोराम पूर्व सरपंच सरोना, पुष्कर साहू पुर्व उपसरपंच, अजय हिरवानी ग्राम समिति अध्यक्ष, आरपी नेताम अध्यक्ष अनु जनजाति शासकीय विकास संघ जिला कांकेर, महेन्द्र धनकर जिला अध्यक्ष धनकर समाज, गज्जू धनकर जिला सचिव धनकर समाज, जीवन नेताम पुर्व सरपंच, ▶▶|शेष पेज 12 पर






बीएसएफ कैंप में धूमधाम से मनाया वैशाखी पर्व

# खालसा मेरो रूप है खास, खालसे मे हूं करों निवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कांकेर





सीमा सुरक्षा बल के 178 बटालियन के टैंक हैड क्वार्टर दुर्गूकोंदल में बैसाखी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर कैंप स्थित गुरुद्वारे में गुरुग्रंथ साहब का पाठ हुआ। अरदास के बाद लंगर का आयोजन किया गया। बीएसएफ के जवानों और अधिकारियों के साथ स्थानीय सिख समाज के लोगों ने भी हिस्सा लिया। खालसा पंथ के 326 वें स्थापना दिवस को लेकर बीएसएफ के सभी कैंप में आयोजन किया गया। 13 अप्रैल 1699 को आनंदपुर साहेब में खालसा पंथ की स्थापना दसमेश गुरु, गुरु गोबिंद सिंह महाराज ने किया था और इसी दिन उन्होंने लोगों के बीच अमृत का संचार किया था। वैशाखी को खालसा सिरजना दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज के दिन ही खालसापंथियों नव वर्ष शुरू होता है। गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना करते हुए सिख समाज को समाज और हिंदुओं की रक्षा के लिए तैयार किया था। बटालियन के कमांडेंट रवि भूषण ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य जवानों में धार्मिक सद्भाव, एकता, और अनुशासन की भावना को मजबूत करना है। खालसा पंथ की स्थापना की ऐतिहासिक महत्ता और इसके मूल्यों पर प्रकाश डाला। बैसाखी पर्व सिख समाज का प्रमुख पर्व है। इसी दिन खालसा पंथ की स्थापना हुई थी। यह पर्व नई फसल के आगमन के उत्सव के रूप में भी मनाया जाता है। कार्यक्रम में बीएसएफ के कमांडेंट ने जवानों और स्थानीय सिख समाज को बैसाखी पर्व की शुभकामनाएं दी। वैशाखी पर्व के अवसर पर कैंप में गुरबाणी पाठ, कीर्तन एवं अरदास का आयोजन किया गया। इसके उपरांत लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने संगत भावना से भाग लिया।

इस अवसर पर द्वितीय कमान अधिकारी शैलेन्द्र शर्मा, उप समादेष्टा मनोज कुमार, उप समादेष्टा आनंद चौहान उप समादेष्टा के अलावा समस्त बीएसएफ के अधिकारी, जवान और स्थानीय समाज के लोग शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### पिकअप से टकराई बाइक बाइक चालक की हुई मौत

**फरसगांव।** फरसगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बरकई में सोमवार को दोपहर करीब 1 बजे पिकप के पीछे बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक सवार ग्राम गट्टीपलना निवासी कैलाश मरकाम पिता नानू मरकाम गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उसी पिकप वाहन से उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल लाया गया, फरसगांव अस्पताल में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों की रिपोर्ट पर फरसगांव थाना पुलिस मर्ग कायम कर मृतक के शव को पोस्टमार्टम हेतु चिरघर में रखकर जांच विवेचना कर रही है।



### शहर में निकली जागरुकता रैली

**जगदलपुर।** महानिदेशक, निदेशक एवं एडिशनल कमांडेंट जनरल नगर सेना एवं अग्निशमन कार्यालय रायपुर के निर्देशानुसार सोमवार को नगर सेना, आपदा मोचन बल, अग्नि शमन सेवा के अधिकारी, कर्मचारी तथा जवानों द्वारा सर्वप्रथम 14 अप्रैल 1944 को मुंबई विक्टोरिया में शहीद हुए 66 अग्निशमन कर्मचारियों को विनम्र श्रद्धांजलि दिया। शहर के लालबाग मैदान से कोतवाली चौक, मिताली चौक, संजय मार्केट शहीद पार्क, चांदनी चौक, जमाल मिल, एयरपोर्ट चौक, एनएमडीसी चौक में स्थित अग्निशमन कार्यालय तक लगभग ढाई किलोमीटर अग्नि से होने वाले दुर्घटनाओं से बचने के लिए नारों तथा रैली के माध्यम से आम नागरिकों को अग्नि से बचाव के बारे में और आग लगने पर तुरंत सही सूचना देने के लिए जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम पूरे सप्ताह भर विभिन्न कार्यक्रम स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा रंगोली, निबंध पम्पलेट वितरण एवं मॉक ड्रिल के माध्यम से जागरूकता लाने का प्रयास किया जा रहा है।

### विधायक ने किया स्ट्रक्चर निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**दरभा।** ग्राम पंचायत मामड़पाल में सोमवार को जल संसाधन विभाग के अंतर्गत नहर निर्माण तथा 53 नग नहर स्ट्रक्चर निर्माण कार्य का भूमि पूजन समारोह सम्पन्न हुआ। यह कार्य कुल 485.60 लाख रुपये की अनुमानित लागत से किया जा रहा है। इस अवसर पर विधायक विनायक गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने भूमि पूजन कर कार्य का शुभारंभ हुआ।
कार्यक्रम में ग्रामवासियों सहित जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में आमजन की उपस्थिति रही। श्री गोयल जी ने अपने संबोधन में कहा कि यह परियोजना क्षेत्र की सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ करेगी और किसानों को जल संकट से राहत दिलाएगी।

# पश्चिम बोरगांव में हुआ चरक पूजा महोत्सव में उमड़े लोग

## भगवान शिव की आराधना में बंग समुदाय ने की विशेष पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरसगांव

कोंडागांव जिले के फरसगांव ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पश्चिम बोरगांव में पिछले बार की तरह इस वर्ष भी बंग समुदाय द्वारा चरक पूजा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। जानकारी अनुसार इस आयोजन को लेकर क्षेत्र के बंग समुदाय के लोगो ने एक महीने से बेसब्री से इंतजार किया जिसके बाद खजूर भंगा और चरक पूजा बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया।

बंग समुदाय के लोगो ने बताया कि उनके समाज के एक अनोखी परंपरा के अनुसार भगवान शिव को प्रसन्न करने इस महोत्सव का आयोजन किया जाता हैं। जिसमे बंग समुदाय के शिवभक्तो के द्वारा एक माह तक अपने घरों से दूर रहकर सन्यासी जीवन व्यतीत कर व्रत रखकर गांव में घूम घूम कर भिक्षा मांगते हैं और 24 घंटे में मात्र एक बार रात को ही भोजन करते हैं। एक महीना पूरा होने कर सभी सन्यासी खजूर के पेड़ में विशेष पूजा करने के बाद कांटो भरे पेड़ में चढकर नृत्य करते हैं, शिव भक्तों द्वारा खजूर के पेड़ से खजूर को फेक कर श्रद्धालुओ को प्रसाद के रूप में देते है, और अगले दिन चरक पूजा का आयोजन किया जाता हैं। 13 अप्रैल रविवार को खजूर भांगा और 14 अप्रैल सोमवार को चरक पूजा में आयोजन किया गया, इस आयोजन में शिवभक्तो के पीठ में लोहे से बनी तीन हुक को पीठ पर फसा कर उसे झूला में घुमाया जाता हैं, वैसे तो यह आयोजन ओडिसा राज्य में अधिकतर देखने को मिलता हैं लेकिन पिछले वर्ष की तरह दूसरी बार कोंडागांव जिले के फरसगांव ब्लॉक के पश्चिम बोरगांव में यह आयोजन किया गया, जिसे देखने आज पास गांव के लोग बड़ी संख्या में एकजुट हुए।



### शिव को प्रसन्न करने के लिए होती है पूजा

*बंग समुदाय के लोगो का कहना हैं को भगवान शिव को प्रसन्न करने ऐसा किया जाता हैं। इस वर्ष पहली बार खजूर भंगा और चरक पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया जो अब हर वर्ष यह आयोजन किया जाएगा। बंग समुदाय के लोगों ने कहा जैसे जैसे लोगों को इस पूजा के बारे में जानकारी होते जाएगा वैसे वैसे भक्तों की भीड़ और देखने को मिलेगी।*

## संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन एवं जल संरक्षण की ली गई शपथ

# डॉ. आम्बेडकर की जयंती पर सामाजिक समरसता दिवस का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर स्थानीय ऑडिटोरियम में सामाजिक समरसता दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा वर्चुअल माध्यम से शामिल होकर आमजन को संबोधित किया। समारोह की शुरुआत डॉ. अम्बेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए की गई।

■ ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर

इस अवसर पर जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केन्द्र की स्थापना के लिए प्रति विकासखण्ड से चयनित 10-10 ग्राम पंचायतों के सरपंचों एवं सीएससी सेवा प्रदाताओं के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। आगामी 24 अप्रैल को पंचायत राज दिवस के दिन इन केन्द्रों का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलने वाले मोर दुवार साय सरकार विशेष अभियान की जानकारी दी और छूटे हुए पात्र हितग्राहियों तक योजना का लाभ पहुंचाने पर बल दिया।



### बाबा साहब के जीवन पर डाला प्रकाश



जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत ने ग्राम पंचायतों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीएससी और वीएलई सेवाओं की शुरुआत से ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं की राशि गांव में ही प्राप्त हो सकेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल ने डॉ. अम्बेडकर के योगदान को याद करते हुए शिक्षा और समानता के क्षेत्र में उनके कार्योंर् की सराहना की। नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी ने बाबा साहब के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया गया तथा राष्ट्रीय जल मिशन के अंतर्गत जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। उपस्थित लोगों ने जल को अनमोल संपदा मानते हुए इसके संरक्षण और जिम्मेदार उपयोग का संकल्प लिया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत नियुक्त पंचायत एंबेसडर्स को सम्मानित भी किया गया। समारोह में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता कोर्राम, उपाध्यक्ष टोमेंद्र ठाकुर, समाज प्रमुख, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।

## बाबासाहेब की मनाई गई 134वीं जयंती




अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, कोंडागांव द्वारा संविधान निर्माता एवं समाज सुधारक डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 134वीं जयंती गरिमामय रूप से मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों तथा निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवक-युवतियों ने अंबेडकर चौक में स्वच्छता अभियान चलाते हुए झाडू लगाकर जन-जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबासाहेब के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात बाबासाहेब अमर रहें और भारत माता की जय के नारों से वातावरण गुंजायमान हो गया। बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा ने बताया कि बाबासाहेब डॉ. अंबेडकर के ज्ञान, त्याग और संघर्ष की दुनिया में कोई मिसाल नहीं है। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में समता और न्याय स्थापित करने का प्रयास करना चाहिए। जिलाध्यक्ष सूरज यादव ने सैन्य प्रशिक्षण ले रहे युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि बाबासाहेब ने हमें संविधान के माध्यम से समता का अधिकार, स्वतंत्रता, शोषण से मुक्ति, धर्म एवं संस्कृति की स्वतंत्रता और संवैधानिक उपचारों जैसे महत्वपूर्ण अधिकार प्रदान किए हैं। इस अवसर पर परिषद के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, सदस्य श्री प्रेम सिंह देवांगन तथा सैन्य प्रशिक्षण ले रहे अनेक युवक-युवतियाँ उपस्थित रहे।

■ पूर्व सैनिकों एवं सैन्य प्रशिक्षणार्थियों ने दी श्रद्धांजलि

# भाजपा ने जयंती पर किया बाबासाहेब के सेवा, समर्पण और संविधान मूल्यों का स्मरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

भारतीय जनता पार्टी कोंडागांव द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती श्रद्धा, गरिमा और सामाजिक समरसता के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत अंबेडकर चौक स्थित प्रतिमा स्थल की सफाई और श्रमदान से हुई, जिसमें कार्यकर्ताओं ने श्रमसाधना कर स्वच्छता का संदेश दिया और स्थल की सजावट कर आमजन को जागरूक किया। 13 अप्रैल की रात्रि को दीप प्रज्वलन एवं दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यकर्ताओं ने ज्ञान, न्याय और समरसता के दीप जलाकर बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। मुख्य कार्यक्रम 14 अप्रैल की सुबह भाजपा कार्यालय, कोंडागांव में आयोजित हुआ, जहां वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की। इसके उपरांत भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया और लोकतंत्र, सामाजिक न्याय व समानता के मूल्यों को दोहराया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के जीवन दर्शन, संघर्षोंर् और संविधान निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को याद किया। साथ ही शिक्षा, समान अवसर और संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूकता को आज की आवश्यकता बताया।

■ वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि



### पार्टी के विचारों व कार्यक्रमों को किया साझा

भाजपा बस्तर संभाग प्रभारी दीपेश अरोरा ने जानकारी दी कि भाजपा 15 अप्रैल से 25 अप्रैल 2025 तक विशेष जनसंपर्क अभियान चलाएगी। इस अभियान के अंतर्गत पार्टी के 25 वरिष्ठ नेता, 5-5 अनुसूचित जाति के प्रमुखजनों से संवाद करेंगे। कुल 125 प्रमुखजनों और 200 प्रतिष्ठित व्यक्तियों से संपर्क कर पार्टी के विचारों एवं कार्यक्रमों को साझा किया जाएगा। यह अभियान समाज के विभिन्न वगोंर् तक संगठन के विचारों को पहुँचाने की दिशा में एक अहम पहल है।

### उपस्थित रहे ये

इस अवसर पर मनोज जैन, गोपाल दीक्षित, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, दयाराम पटेल, जैनेन्द्र सिंह ठाकुर, कुलवंत चहल, ईना श्रीवास्तव, सोनामणी पोयाम, सुमन शुक्ला, सती बघेल सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी एवं भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अवकाश के दिनों में भी शिक्षक करवा रहे है प्रयास आवासीय प्रवेश परीक्षा की तैयारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल

विकासखंड अंतर्गत विभिन्न शालाओं में 20 अप्रैल को आयोजित होने वाले प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी अवकाश के दिनों में भी करवाई जा रही है। नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में चयनित 21 विद्यार्थियों का चयन होने के उपरांत विकासखंड के शालाओं में प्रतियोगिता परीक्षाओं को लेकर स्वच्छ प्रतिस्पर्धा का माहौल है। शिक्षक भी अपने विद्यालय के विद्यार्थियों को चयनित करवाकर उनका भविष्य उज्ज्वल करना चाहते है, जिसके लिए भी अवकाश के दिन में भी समय निकालकर निरंतर अध्यापन कराया जा रहे हैं।

■ प्रतियोगिता परीक्षाओं को लेकर स्वच्छ प्रतिस्पर्धा का माहौल

संकुल केंद्र दमकसा में तीन संस्थाओं माध्यमिक शाला बरहेली, कोड़ाखुर्री और दमकसा के 39 विद्यार्थियों को संकुल स्तरीय निःशुल्क कोचिंग प्रदान कर की जा रही है। संकुल समन्वयक गोवर्धन मंडावी ने बताया कि केंद्रीकृत वार्षिक परीक्षा समाप्त होने के पश्चात से ही संकुल प्राचार्य कुमुद ध्रुव के मार्गदर्शन में शिक्षक हेमानंद वर्मा, मेशराम उयके व राधिका कोड़ोपी द्वारा प्रतिदिन प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए 5 से 6 घंटे अध्यापन करवाया जा रहा है। इसी प्रकार माशा साधुमिचगांव, माशा डांगरा, माशाला भंडारडिगी सहित सभी शालाओं में कक्षाएं संचालित की जा रही है तथा मॉडल टेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी ने कहा कि 16 फरवरी को संपन्न हुए राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृति परीक्षा की तैयारी विकासखंड में 100 पार के लक्ष्य के साथ हुआ, जिसका परिणाम आना शेष है और उसके बाद से ही सभी शालाओं में प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी करवाई जा रही है। सभी संकुल समन्वयको, प्राचार्यों, शिक्षकों की टीम भावना से विकासखंड शैक्षिक क्षेत्र में उत्तरोत्तर प्रगति कर रहा है और साथ ही जिला स्तर पर सभी विकासखंडों का नेतृत्व कर रहा है। खंड शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे ने निजी समय निकालकर विद्यार्थियों को देने के लिए सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया है।

# नए बाजार का डोम बना जुआरियों का अड्डा, पुलिस ने दो जुआरियों को किया गिरफ्तार

**कांकेर।** बस स्टैंड के पास नए बाजार में बनाए गए डोम में रविवार और बुधवार को सप्ताहिक बाजार लगता है, इसके अलावा अन्य दिनों में डोम में जुआरी बैठकर जुआं खेलते हुए नजर आ सकते है और रात को शराब पीने वाले शराब पीकर बोतल को वहीं फोड़कर चले जाते है। कांकेर पुलिस ने 13 अप्रैल को दो जुआरियों को दबोचा, इनको छुड़ाने के लिए कई छुटभैया नेता सक्रिय नजर आएं। जानकारी के अनुसार 14 अप्रैल को नया बस स्टैण्ड कांकेर डोम के नीचे कुछ लोग 52 पत्ती तास में हार जीत का दांव लगाकर जुआ खेलने की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी मनीष नागर के द्वारा थाने की टीम को जुआरियों को पकड़ने के लिए भेजा। थाने से पहुंची टीम नया बस स्टैंड कांकेर डोम के नीचे घेराबंदी कर कार्रवाई की। पुलिस पार्टी को देखकर कुछ जुआरी भाग गए और केवल दो जुआरी विजय बालमिकी पिता स्व. सुखू राम बालमिकी उम्र 45 वर्ष निवासी टिकरापारा और अकबर अली पिता अब्दूल अली उम्र 23 वर्ष निवासी श्रीरामनगर पकड़ाए।



■ आरोपियों को जेल से निकालने के लिए सक्रिय हुए छुटभैय्ये नेता

तलाशी लेने इनके पास से क्रमशः 330 एवं 250 रूपये एवं फड से क्रमशः 230 एवं 190 रूपये कुल जमा एक हजार रूपए एवं ताश की गड्डी गवाहों के समक्ष 14 अप्रैल को जब्त की गई। आरोपियों का कृत्य धारा 3 (2) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 का घटित होना पाए जाने से गिरफ्तारी का कारण बताकर दोनो जुआरियों को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई करने वाली टीम में एएसआई सोमेन्द्र सिंह, प्रआर कौशल साहू, फलेश्वर कुदराम, आरक्षक अमर लाल नेताम, लोकश पोटाई, भुनेश शोरी, शाक्ति सिंह, प्रेम सिंह आंचला, मनोज ध्रुव का योगदान रहा।

## पेज 11 के शेष

### बैंक के अधिकारी...

हजार, लक्ष्मी निषाद पति माखन लाल निषाद निवासी बरदेभाटा ठगी राशि 23 लाख, बलराम जुर्री पिता चंद्रभान जुर्री निवासी रतेसरा चारामा से ठगी राशि 21 लाख, महेश कुमार कावडे पिता स्व. श्यामलाल कावड़े निवासी नरहरपुर से ठगी राशि 18 लाख 19 हजार, सपना नेताम पिता भीखन सिंह नेताम निवासी पुरी चारामा से स्वीकृत ठगी राशि 21 लाख, द्रौपदी भास्कर पति देवेन्द्र भास्कर निवासी चारामा भाटापारा से ठगी राशि 9 लाख, रामेश्वर शोरी पिता नकछेड़ा राम शोरी निवासी गिरहोला चारामा से ठगी राशि 6 लाख 53 हजार रूपये, राकेश कुमार पिता मंशा राम निवासी नारायणपुर से ठगी राशि साढ़े चार लाख, रैनू राम नेताम पिता गिल्लू राम नेताम निवासी कोण्डागांव से स्वीकृत ठगी राशि 38 लाख, रविकांत बोगा, उत्तम कुमार, शांति दुग्गा और सुदई मंडावी को ठगो ने कहा कि जितना लोन लेना है, उसमें आधी राशि हमें देना होगा और ईएमआई को कंपनी भरेगी, ऐसा लालच दिया जाता था।

### ग्राम पंचायत में...

लेने के लिए छूटे हुए हितग्राही अपना पंजीयन अवश्य कराएं। उन्होंने जल संरक्षण पर भी जोर देते हुए कहा कि सभी व्यक्तियों को जल और पर्यावरण बचाने हरसंभव प्रयास करना चाहिए, जिससे भविष्य सुरक्षित और संरक्षित रह सके। इस अवसर पर सांसद द्वारा संविधान की प्रस्तावना का वचन भी कराया गया। इस अवसर पर कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, उपाध्यक्ष उत्तम यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, एसडीएम अरुण वर्मा सहित सरपंच, पंच एवं समाज प्रमुखजन उपस्थित रहे।

### डॉ.आम्बेडकर जयंती...

ध्वज फहराया गया। डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर स्मारक समिति के अध्यक्ष ने बताया कि डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर विश्व धरोहर, भारत रत्न एवं देश की आत्मा यानी भारतीय संविधान के निर्माता हैं। उन्होंने देश के प्रत्येक नागरिको खासकर महिलाओं एवं बहुसंख्यक समाज एसटी,एससी व ओबीसी को समानता का अधिकार दिया है।

### बाइक चालक की...

रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीआर 7866 का चालक बिंदेश उसेण्डी निवासी ग्राम गोवर्धन अपनी मोटर सायकल को तेज एवं लापरवाही पूर्वक उतावलेपन से चलाकर मृतक राजकुमार नेताम के मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मोटर सायकल चालक राजकुमार नेताम को गंभीर चोंट लगने से एम्बुलेंस 108 वाहन से ईलाज के लिए कोमलदेव अस्पताल कांकेर लायएंजहां पर डॉक्टर द्वारा चेक कर राजकुमार नेताम का मौत होना बताया। संपूर्ण मर्ग जांच पर आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीआर 7866 का चालक बिंदेश उसेण्डी निवासी ग्राम गोवर्धन का कृत्य अपराध धारा 281,106(1) बीएनएस का घटित करना पाए जाने से उसके खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया।

आदिवासी ध्रुव गोड़...

मंदिर से शुरू होने वाली कलश यात्रा से होगी। दोपहर 12 बजे बुढ़ादेव मंदिर में आयोजन किया जाएगा, जिसमें समाज के प्रमुख अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा और पूजा-अर्चना का आयोजन किया जाएगा।

### डॉ. आम्बेडकर जयंती सभी...

कमल ध्रुवा पुर्व जनपद सदस्य, अनिल गजपाल, रामाधार धनकर, अशोक निषाद निषाद समाज, रमेश चावके, ओमनाथ चन्द्र वंशी, राधेश्याम खिलाड़ी, नेहरू खिलाड़ी, उत्तम धनकर एवं माज के लोग उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पेगड़ बने कलार समाज के ब्लॉक अध्यक्ष



**जगदलपुर।** रविवार को कलार समाज लोहण्डीगुड़ा में कार्यकारणी बैठक रखा गया था जिसमे समाज की ओर से निम्नलिखत लोगो को कलार समाज से कार्यकारणी सदस्य चुना गया। मुंशी पेगड़ को कलार समाज ब्लॉक अध्यक्ष व उपाध्यक्ष तुलाराम सेठी , पिलाराम सिन्हा कोषाध्यक्ष शंकर सिन्हा केदार सेठिया एवं सचिव छोटू सेठी , यदु सार्दुल व कार्यकारणी अध्यक्ष मोहन लाल पेगड़ , जगदीश पेगड़ समाज द्वारा चुना गया।

### कोसमी में मनाया गया अंबेडकर जयंती

**घाटलोहंगा।** बकावंड ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा ग्राम पंचायत कोसमी में ब्लॉक अध्यक्ष शिवराम विसाई के नेतृत्व में गरीब शोषित वंचित दलित के मसीहा बहुजनों के महानायक भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की 134 वी जयंती बड़ी ही श्रद्धा सुमन से मनाया गया। इस दौरान आयतु राम भारती, जानकी राम भारती, सुखराम कश्यप, मधु निसाद, नीलम कश्यप, नरसिंह, वेदु राम, सत्यनारायन, नीला राम बघेल, दया राम, हेमंत कश्यप, लछु राम, शंकर धर्मदास, अनत राम, गणेश, लेखन, शोभासिंग, सुरेश व समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

## निधन

### रमा लक्ष्मी राव



जगदलपुर। सेमरा ग्राम के पूर्व उपसरपंच एवं भाजपा कार्यकर्ता जोगा राव की धर्मपत्नी श्रीमती आर रमा लक्ष्मी राव का निधन विशाखापटनम इलाज के लिए जाते मार्ग में हो गया। जिनका अंतिम यात्रा सोमवार की सुबह 10 बजे उनके निवास से सेमरा मुक्तिधाम के लिए निकली जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग एवं अन्य शामिल हुए।

## तेज आंधी से 165 बटालियन फुडरी को पहुंचा नुकसान

# पेड़ गिरने से बैरक हुआ क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

रविवार शाम के समय मौसम में हुए बदलाव के कारण तेज आंधी और तूफान आया जिससे इंद्रावती नदी के तट पर स्थित 165 वाहिनी केरिपुबल कैम्प फुडरी, भैरमगढ़ बुरी तरह प्रभावित हुआ। यहाँ जवानो के रहने वाले बैरक तथा कैम्प के विभिन्न स्थानों पर बने मोर्चे के ऊपर बड़े-बड़े पेड टूट कर गिरने से बैरक तथा मोर्चे के छत को भारी नुकसान पहुंचा है। बिजली के खंभे गिरने की वजह से बटालियन मुख्यालय में बिजली पूर्ण रूप से अवरुद्ध रही तथा कैम्प सुरक्षा में लगे हुए इलेक्ट्रोनिक उपकरण को भी नुकसान हुआ, मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने कैंप का निरीक्षण कर क्षतिग्रस्त हुए बैरक तथा जान-माल व सरकारी संपत्ति को पहुंचें नुकसान का जायजा लिया । क्षतिग्रस्त सम्पति का आंकलन कर उसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को भी दी गई । कमाण्डेंट द्वारा संबंधित अधिकारियों से मिलकर जवानों के लिए आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने के लिए उचित दिशानिर्देश दिया गया, जवानों ने कड़ी मशक्कत के बाद गिरे हुए पेड़, खंभे आदि हटाए।







## सरस्वती शिशु मंदिर में धूमधाम से मनाई गई अंबेडकर जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस दौरान सभी आचार्य व दीदीयो ने डॉक्टर अंबेडकर जी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। सभी आचार्य व दीदीयो ने अपना विचार रखा और कहा कि अंबेडकर जी के आदर्शों पर चलकर हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू नामक ग्राम में हुआ था उनका बचपन सरल सादा था जीवन सादगी पूर्ण रहा वे अपने माता-पिता के 14 वीं संतान थे। उन्होंने समाज में जागरूकता लाने के लिए छुआछूत की भावना को दूर करने का हर संभव प्रयास किया। बाबा साहब का कहना था कि शिक्षा ही एक ऐसा हथियार है जिसके माध्यम से समाज में परिवर्तन लाया जा सकता है। सारे संसार में आज हमारे संविधान का सम्मान होता है और सर्वश्रेष्ठ आदर्श संविधान माना गया है।

## नन्हे रोजेदारों को अंजुमन इस्लामिया कमेटी ने मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा



प्रति वर्ष के भाँति इस वर्ष भी नन्हें रोजेदारों के लिए अंजुमन इस्लामिया कमेटी ने ऑल मुस्लिम वेल्फेयर फाउंडेशन के जानिब से नन्हें रोजेदार बच्चों का विशेष सम्मान कार्यक्रम आयोजन किया गया । भावनात्मक और प्रेरणादायक आयोजन में ऑल मुस्लिम वेलफ़ेयर फ़ाउंडेशन के प्रदेश संरक्षक फैजल रिज़वी प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिराज के निर्देशानुसार एवं प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी वसीम अहमद की सरपरस्ती में तथा ज़िला अध्यक्ष हाजी क़ासीमुद्दीन की सदारत में ज़िले के नन्हे रोज़ेदारों के लिए उनके हौसला अफजाई के लिए मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र दिया जा रहा है । इसी क्रम में अंजुमन इस्लामिया कमेटी कोंटा के द्वारा रमज़ान के पवित्र महीने में रोज़ा रखकर अपने मजबूत इरादों और धार्मिक आस्था का परिचय दिए कुल चालीस नन्हे बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जामा मस्जिद के ईमाम मौलाना जुल्फिकार अहमद द्वारा दुआ से हुई । कार्यक्रम में पहुँचे बस्तर संभाग मुस्लिम समाज के सचिव फ़ारूख अली ने कार्यक्रम का मक़सद बच्चों को बताया।

कार्यक्रम के मुख्यअतिथि रहे सदर अंजुमन इस्लामियां कमेटी कोंटा जनाब वहिदुल्लाह ख़ान एवं अतिथियों के तौर पर रऊफ़ ख़ान हाजी रहीम ख़ान हाजी हाफ़िज़ रियाज़ हाफ़िज़ साजिद सहाब शेख़ अहमद,शेख़ अमीर ज़ाकिर ख़ान सलीम ख़ान शेख़ नवाबजानी अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सेक्रेटरी शेख़ समीर लियाक़त अली कमेटी मेंबर पत्रकार रफ़ीक ख़ान एवमं ऑल मुस्लिम वेलफ़ेयर फ़ाउंडेशन के कोंटा प्रभारी शेख़ अहमद अली तथा जागीर ख़ान नामीर अली अब्दुल रहमान एवं मुस्लिम समाज के सदस्य एवं अभिभावक मौजूद रहे।

## सम्मान और उल्लास के साथ मनाई अंबेडकर जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा




जनपद पंचायत बस्तर के ग्राम पंचायत बड़े चकवा - नदी सागर में भारतीय संविधान निर्माता, महान समाज सुधारक और दलितों के अधिकारों के प्रखर प्रवक्ता डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर की 134वीं जयंती जनपद पंचायत बस्तर ग्राम बड़े चकवा - नदी सागर में श्रद्धा, सम्मान और उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज बस्तर द्वारा एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से हुई। उपस्थित अतिथियों में समाज प्रमुखों एवं अन्य गणमान्य नागरिकों ने डॉ. अंबेडकर के विचारों पर अपने वक्तव्य प्रस्तुत किए। सभी ने डॉ. अंबेडकर के योगदान को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने न केवल भारत का संविधान बनाया, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी कार्य किए। सर्व आदिवासी समाज उपाध्यक्ष गोवर्धन बघेल ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर ने जीवन भर जातिवाद, अस्पृश्यता और सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध संघर्ष किया। उन्होंने शिक्षा को समाज परिवर्तन का मूलमंत्र माना और युवाओं को ज्ञान के माध्यम से सशक्त बनने का संदेश दिया। आज के युवाओं को उनके विचारों को आत्मसात करते हुए एक समतामूलक और न्यायसंगत समाज की स्थापना के लिए कार्य करना चाहिए। समता, स्वतंत्रता और बंधुता पर आधारित समाज की दिशा में डॉ. अंबेडकर का दृष्टिकोण। पूरन सिंह कश्यप ने कहा कि वर्तमान समय में भी उनके विचार उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने आज़ादी के समय थे। इस दौरान गोवर्धन बघेल, मधु राम मौर्य, हीरु कश्यप, जयराम कश्यप, पूरन सिंह कश्यप, नीलाधर कश्यप आदि समाज प्रमुखों उपस्थित थे।

## दो छत्तीसगढ़वासियों को मिला अंतरराष्ट्रीय सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर तमिलनाडु के कन्याकुमारी स्थित वायएमसीए इंटरनेशनल गेस्ट हाउस, विवेकानंदपुरम में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गोपाल किरण समाज सेवी संस्था द्वारा आयोजित डॉ. बीआर अंबेडकर ग्लोबल आइकॉन अचीवर्स अवॉर्ड 2025 के अंतर्गत देशभर से चयनित विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।

छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले से वकील हरिलाल डेगल दंतेवाड़ा और डॉ. रविंद्र सिंह नाग गीदम को समाज सेवा, सामाजिक चिंतन, सामाजिक न्याय, भाईचारा, स्वतंत्रता और राष्ट्रीय अखंडता जैसे मूल्यों को समर्पित कार्यों के लिए इस अंतरराष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया।

यह सम्मान उन व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है जो डॉ. अंबेडकर के विचारों को समाज में जीवंत बनाए रखने का कार्य कर रहे हैं। दोनों विभूतियों ने अपने क्षेत्र में सामाजिक जागरूकता, समानता और मानवाधिकारों के लिए लगातार प्रयास किए हैं।

समारोह में देशभर से आए समाजसेवी, शिक्षाविद, विचारक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संस्था ने कहा कि यह सम्मान न केवल व्यक्तियों की उपलब्धियों का गौरव है, बल्कि यह समाज में सकारात्मक बदलाव की प्रेरणा भी है।

## हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गई विशाल शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मद्देड़

बीजापुर जिले के भोपाल पटनम ब्लॉक के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मददेड श्री सीताराम शिवालय, व गेर्रागुडा में हनुमान जन्मोत्सव शनिवार को धुमधाम के साथ मनाई

■ जन्मोत्सव पर हुआ अखण्ड रामायण पाठ

गई। ग्राम पंचायत मददेड के सीताराम शिवालय व गेर्रागुड स्थित हनुमान मंदिर में सुबह से ग्राम वासियों के साथ साथ अन्य ग्रामों के भक्तों के द्वारा विशेष पूजा अर्चना के साथ अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। हनुमान जी की प्रतिमा के साथ शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा श्री सीताराम शिवालय मंदिर से प्रारंभ होकर मेन सड़क मार्ग होते हुए पूर्ण बस्ती चोक चोराओं से भ्रमण कर रही है और चारों तरफ यूवाओं द्वारा जय श्रीराम के जयकारों के साथ भगवा ध्वज लहराया जा रहा है । शोभायात्रा में आसपास ग्रामों के बड़ी संख्या में युवा, महिला, पुरुष और क्षेत्र के लोग शामिल हुए है। श्री सीताराम शिवालय व गेर्रागुड़ा में हुआ महा भण्डारा का आयोजन हुआ। हनुमान मंदिर में आज सुबह से विशेष पूजा अर्चना के साथ हनुमान जी का श्रृंगार किया गया और अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया है। श्री सीताराम शिवालय में शाम को महा आरती के साथ महा भण्डारा का आयोजन किया गया है जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग शामिल हुए है और चारो तरफ मंदिर व गेर्रागुड़ा का माहौल धार्मिकमय हो गया। इस मौके पर मंदिर समिती अध्यक्ष,उपाध्यक्ष, सचिव, ग्राम सरपंच, ग्राम उप सरपंच, ग्राम पटेल, ग्राम पुरोहित, मंदिर समिति के सदस्य मौजूद रहे।



## पूजा-अर्चना के बाद हुआ भंडारा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

रामभक्त हनुमान जी का जन्म उत्सव शनिवार को नगर में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कहीं सुंदरकांड का पाठ तो कहीं भजन

■ हनुमान जन्म उत्सव नगर में धूमधाम से मनाया गया

कीर्तन कर रामभक्त हनुमान जी की पूजा अर्चना की गई। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सुबह से ही मंदिरों में संकट मोचन हनुमान जी के दर्शनों के लिए भक्त पहुंच रहे थे। मंदिरों में इस मौके पर हनुमान जी का अभिषेक कर विशेष पूजा अर्चना की गई व गुड़ चने एवं मिष्ठानों का भोग लगाया गया। नाका पारा स्थित हनुमान मंदिर में हवन पूजन, महाआरती व भंडारा का कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचल के श्रद्धालुओं ने पहुंचकर हनुमान चालीसा, हवन यज्ञ सहित अन्य कार्यक्रमों में हर्ष उल्लास के साथ सहभागिता दर्ज कराई। मंदिरों में दिन भर भजन-कीर्तन का दौर चलने के कारण श्रद्धालु भगवान हनुमान जी के जन्म उत्सव पर भक्ति भाव से सराबोर रहे। इस पावन अवसर पर भक्तों को भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## भाजपा मंडल कार्यालय में मनाई गई बाबा साहेब की जयंती



**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल कार्यालय लोहंडीगुड़ा में भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उनके छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक लच्छू कश्यप जी मंडल अध्यक्ष मंगतू कश्यप, जिला पंचायत सदस्य चंद्र भान कश्यप, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष नरसिंह ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष बालसिंह ठाकुर,गुनू ठाकुर,बली बघेल, विजय गुप्ता, शिवनंदन सेठिया,सिता राम,कमलू करटामी,डोमू राम कश्यप,समलू सरपंच, तुला सेठिया समेत अन्य मौजूद थे।

## 20 को कलशयात्रा, 23 को होगी प्राण-प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड



भगवान श्रीराम का बस्तर से गहरा नाता रहा है। अपने वनवास काल का बड़ा लंबा प्रभु श्रीराम ने बस्तर की धरती पर व्यतीत किया था। मर्यादा पुरुषोत्तम से जुड़ी कई

■ वाराणासी के आचार्य के वैदिक मंत्रों के साथ होगी मूर्ति की स्थापना

निशानियां बस्तर की वादियां अपने दामन में समेटी हुई हैं। इसके बावजूद दुर्भाग्य की बात है कि दशरथ नंदन राम के बहुत कम मंदिर बस्तर में हैं।जिले के बकावंड ब्लॉक में तो एक भी राम मंदिर अब तक नहीं था। विकासखंड का पहला राम मंदिर छिंदगांव में बनकर तैयार हो चुका है, जहां 20 अप्रैल से प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू हो रहा है।

बकावंड विकासखंड के इस पहले राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की शुरुआत 20 अप्रैल को कलश यात्रा के साथ होगी। 23 अप्रैल को भगवान श्रीरामचंद्र की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा, हवन पूजन एवं महाभंडारा होगा। छिंदगांव पंचायत के वरिष्ठ नागरिक एवं समाजसेवी जेके लाल गुप्ता ने बताया कि वाराणासी के आचार्य पंडित नागेंद्र मिश्रा और उनके सहयोगियों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान राम की मूर्ति स्थापित की जाएगी। श्री गुप्ता ने बताया कि समस्त ग्रामीणों के सहयोग से यह मंदिर बनकर तैयार हुआ है। उन्होंने बताया कि छिंदगांव के ग्रामीणों एवं विभिन्न वर्गो के दानदाताओं के सहयोग से बकावंडड ब्लॉक में पहला राम मंदिर बनकर तैयार हुआ है। मंदिर की स्थापना हेतु चार दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया है। 20 अप्रैल रविवार को कलश यात्रा के साथ राम मंदिर स्थापना का कार्यक्रम शुरू होगा। 21 अप्रैल को अन्नाधिवास, जलाधिवास, 22 अप्रैल को शक्कराधिवास, फलाधिवास, शयनाधिवास एवं 23 अप्रैल को मूर्ति भ्रमण, प्राण प्रतिष्ठा हवन एवं महाभंडारा के साथ कार्यक्रम संपन्न होगा।

श्री गुप्ता ने भक्तों से निवेदन किया है कि इस धार्मिक अनुष्ठान में सहपरिवार सम्मिलित होकर ईश्वर की कृपा एवं पुण्य के भागीदारी बनें।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### वन अधिकारी कर्मचारी महासंघ गठन करने का निर्णय

**कांकेर।** वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग रायपुर छग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा 13 अप्रैल को रेंजर एसोसिएसन हॉल पंडरी रायपुर में बैठक आयोजित किया, जिसमें विभाग के सभी संगठन रेंजर एसोसिएसन, राजपत्रित वन अधिकारी संघ, छग वन लिपिक वर्गीय कर्म. संघ एवं छग वन कर्म. संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी संगठन द्वारा एक स्वर में वन अधिकारी कर्मचारी महासंघ का गठन करने निर्णय लिया। वन कर्मचारी संघ द्वारा अपने संगठन के पदाधिकारियों से चर्चा उपरांत महासंघ में अपनी सहमति देने कहा गया। बैठक में सतीश मिश्रा, अशोक सोनवानी, मिर्जा फिरोज बेग, बिरेन्द्र नाग, अजित दुबे, धर्मेंद्र सरोज, रामकुमार ठाकुर, नुरेंद्र साहू, धनलाल साहू, चरण सिंह ठाकुर, दिनेश चंद्र जोशी, सूर्यवंशी, संतोष सामंतरय, विक्रांत, अशोक सिंह, सुमित साहू आदि उपस्थित रहे।

### अधिवक्ता व भाजपा नेता के घर में चोरों का धावा

**जगदलपुर।** शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता,भाजपा के वरिष्ठ नेता, एक घंटा राष्ट्र के नाम के समन्वयक एल ईश्वर राव के भाई एल चन्द्र शेखर राव, टैक्स सलाहकार की वाहन मोटरसाइकिल सीजी 17/ केबी - 5544 को उनके घर से लगे कवर्ड बाड़े के दरवाजे में जंजीर से लगी ताले के जंजीर को काटकर तीन अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा मोटर साइकिल चोरी कर लिया गया। चोरी की वारदात 11 अप्रैल के रात्रि 11.30 बजे से 11 अप्रैल की सुबह 10.30 बजे स्थान राजेंद्र नगर वार्ड, बोधघाट थाना क्षेत्र में हुई है। घर में लगे सी सीटीवी कैमरा का बॉक्स पुलिस थाना बोधघाट को उपलब्ध कराया गया है। किन्तु समाचार लिखे जाने तक आरोपी पुलिस के पकड़ से बाहर है।

### तेंदूपत्ता बोनस गबन मामले में दोषियों को मिले दण्ड : दीपिका

**सुकमा।** आदिवासियों के तेंदूपत्ता बोनस राशि के गबन को लेकर सुकमा डीएफओ कार्यालय के साथ, दोरनापाल, कोंटा समेत समस्त ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई से बहुत से सफेद पोश लोगों के चेहरे से नकाब उतर रहा है पूरे दोषियों को दंड मिलना तय है यह कहना है छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी का। उन्होंने कहा कि सुकमा जिले में एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने डीएफओ कार्यालय में छापा मारा है। वन कर्मियों और तेंदूपत्ता प्रबंधकों के घर भी कार्रवाई हुई है, दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं। सुकमा, दोरनापाल, कोंटा समेत अन्य जगहों पर छापेमार कार्रवाई चल रही है। जिसमें तेंदूपत्ता प्रबंधकों सहित कुल 12 ठिकानों पर कार्रवाई की गई है सुकमा में डीएफओ कार्यालय में भी दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं। तेंदूपत्ता बोनस राशि में हुए भ्रष्टाचार मामले में ही डीएफओ अशोक पटेल सस्पेंड हुए हैं।

## कार्यक्रम : दुर्गुकोंदल में मनाई गई बाबासाहेब डॉ.भीमराव आम्बेडकर की जयंती

# बाबासाहेब की जयंती पर संविधान की उद्देशिका का वाचन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गुकोंदल

विकासखण्ड दुर्गुकोंदल में बाबासाहेब आंबेडकर के जन्म जयंती पर ग्राम कराकी, राऊरवाही एवं अजजा शासकीय सेवक व अन्य ग्रामों में समस्त ग्रामीणों के बीच में मनाया गया। डॉ भीमराव अंबेडकर के जन्म जयंती पर लोगों को संविधान अधिकार के बारे में बताया गया और सभी ने एकरूपता का परिचय दिया।

दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत राऊरवाही के आश्रित ग्राम महेंद्रपुर में सोमवार को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। संविधान के निर्माता बाबा साहेब डा. बीमराव अम्बेडकर को याद किया गया। इसी अवसर उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई एवं ग्राम सभा में विकास कार्य के प्रस्ताव लिए गए। ग्राम पंचायत क्षेत्र के गाँवो में हो रहे निर्माण कार्यों की जानकारी ग्रामीणों को दी गई और साथ ही छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहित योजनाओं से भी लोगों को अवगत कराया गया। इस अवसर में नारायण सिंह कोवाची, रतन सिंह, निर्भय कोवाची गायता, जैन सिंह कोवाची, आयतुराम नेताम, सगरूराम, दिनेश सतीश यादव, रामप्रसाद जाड़े, अर्जुन, बलदेव पटेल, शुक्ला, मोती राम ग्राम पंचायत सरपंच बलराम टेपारिया, जनपद सदस्य पीलम नरेटी, पीठासीन अधिकारी डिकेश साहू, रोजगार सहायक सचिव भरत निषाद, रतीराम जैन, रमसु नरेटी, नरेश कोमरा, मेहर उयके, सुरेश जैन, नरसिंह उयके, जयपाल उयके, पवन मंडावी, कृष्णा पटेल, रमेश्वर जैन व वार्ड सदस्य एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।





### बाबासाहेब की जयंती पर उनके कार्यों को किया याद

**दुर्गुकोंदल।** भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहेब डा.भीमराव अंबेडकर की जयंती पर सक्ति केंद्र राऊरवाही में छाया चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता डा. अम्बेडकर के जीवन आदर्श पर प्रकाश डालने के साथ ही उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। पूर्व मंडल अध्यक्ष व जनपद सदस्य पीलम नरेटी ने कहा कि डा. अम्बेडकर के द्वारा बनाए गए भारतीय संविधान को श्रेष्ट संविधान के रूप में माना जाता है। आज के छात्र एवं युवा समाज को उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज के लिए बहुत कुछ कर सकते हैं। ग्राम पंचायत राऊरवाही में भारतीय जनता पार्टी के सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन व आँगनबाड़ी में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वच्छता का संदेश देते हुए, साफ सफाई की गई। इस अवसर पर नरेश कोमरा, नूतन उयके, शारद शोरी, कृष्णा पटेल, मेहर उयके, कुलेश कोमरा, भीमसन कोमरा, तुला कोमरा, विजय कोमरा, अकेश कोमरा, पपीत गावड़े, नरसिंह दुग्गा, बाजार दुग्गा, परमेश्वर गावड़े व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### अजजा शासकीय सेवक विकास संघ ने मनाई आंबेडकर जयंती

**दुर्गुकोंदल।** भारतीय संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आम्बेडकर की 134 वीं जयंती पर दुर्गुकोंदल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अजजा शासकीय सेवक विकास संघ के सदस्यों ने सेजेस स्कूल प्रांगण में एक सभा का आयोजन कर डॉ. भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, तत्पश्चात सभी ने राष्ट्रगान गाया। आम्बेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए शाला प्रबंधन एवं विकास समिति सेजेस दुर्गुकोंदल के अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा कि हमें डॉ. भीमराव आम्बेडकर जी के जीवन आदर्शों तथा उनके द्वारा रचे गए संविधान में प्रदत्त अधिकारों को समझने के लिए शिक्षित बनना जरूरी है, इसलिए समाज में शिक्षा का व्यापक प्रचार- प्रसार कर जागरूकता फैलाना हम सबकी जिम्मेदारी है। अजजा शासकीय सेवक विकास संघ दुर्गुकोंदल के अध्यक्ष बाबूलाल कोमरे ने कहा कि डॉ. भीमराव आँबेडकर ने शिक्षा को आधार बनाकर ही देश को महान संविधान दिया है। बचपन से कष्टमय जीवन जीते हुए भी उन्होंने संघर्ष का रास्ता नहीं छोड़ा, और विश्व स्तर पर ख्याति प्राप्त की। अमेरिका, लंदन जैसे देशों में जाकर शिक्षा हासिल की। आज उनकी महानता को पूरी दुनिया याद करती है, यह हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। एकलव्य विद्यालय के प्राचार्य बैजनाथ नरेटी ने कहा कि डॉ. भीमराव आम्बेडकर ने छुआछूत, भेदभाव जैसी बुराईयों का सामना करते हुए भी इस देश के हर वर्ग, हर धर्म-सम्प्रदाय के लिए समान कानून बनाया। समानता व समाजवाद की भावना से ओतप्रोत भारतीय संविधान का निर्माण किया, हमें उनके इस महान योगदान को कभी नहीं भूलना चाहिए। महिला कर्मचारी प्रकोष्ठ के सदस्य सरस्वती गायकवाड़ ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आम्बेडकर ने हम महिलाओं को सम्मान के साथ जीने का अधिकार प्रदान किया है, यही कारण है कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर अपनी बात रख सकती है, इसलिए हमें उनके महान योगदान को हमेशा याद रखना चाहिए। कार्यक्रम को रामचंद्र कल्लो ने भी संबोधित किया। आभार प्रदर्शन प्रभारी प्राचार्य एसडी दास ने किया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य सेजेस अजयकुमार नेताम, ललित नरेटी, पंकज नरेटी, मुकेश बघेल, घेवरचंद मरकाम, ईशनंदन मंडावी, मैनू नेताम, प्रवीण दुग्गा, योगेश मरकाम, गजेन्द्रकुमार ठाकुर, राजबत्ती पोटाई, हेमलता नरेटी, राज नरेटी, नंदिनी दीवान, कमला नरेटी, संयोगिता नाग, धनिता मंडावी, सुनिता ध्रुव, भुनेश्वरी उयके, कन्यादेवी मरकाम, अनिता कोवाची, स्कूली बच्चे व सर्व समाज के लोग उपस्थित रहे।

## तालाकुर्रा में डॉ. भीमराव की सरपंच ने बताई जीवन गाथा

**कांकेर।** विकासखण्ड कांकेर के ग्राम पंचायत तालाकुर्रा में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती मनाया गया, जिसमें ग्रामवासियों के द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर के छाया पर सुमन अर्पित करते हुए पूजा अर्चना किया। सरपंच विनोद रावटे ने भीमराव अंबेडकर की जीवन गाथा के बारे में कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 में मऊ मध्यप्रदेश में हुआ था। डॉ भीमराव अंबेडकर भारत के संविधान के शिल्पकार और महान समाज सुधारक थे। वह दलितों के अधिकारों के प्रबल समर्थक थे एवं उन्होंने सार्वजनिक पेयजल व्यवस्था मंदिर प्रवेश के अधिकार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया था। तालाकुर्रा के सरपंच विनोद रावटे ने कहा कि भीमराव की जयंती मूर्ति पूजा का विरोध करते हुए बाबा साहब अम्बेडकर ने बहुजन समाज को 22 प्रतिज्ञाओं को मानने के लिए कहा था। बाबा साहब से पहले संत कबीरदास, संत रविदास आदि महान संतों ने भी मूर्ति पूजा का पुरजोर विरोध किया था, लेकिन बहुजन समाज ने महान पुरुषों की बातों को आज तक अपने तर्क के बल पर समझने की कोशिश नही की, जो पूर्णतया दूर्भाग्य की बात है। मूर्ति पूजा एक पाखण्ड हो सकता है, लेकिन जननांगों को पूजने से बड़ी मूर्खता कोई नही हो सकती। शिवतेरस के दिन महिलायें बढ़े चाव से पार्वती की यौनी तथा



शंकर के लिंग रुपी काले पत्थर शिवलिंग की पूजा करती दिखाई देती है। जब वो कहतीं है कि उन्होंने बीए, बीएससी, एमए, एमएससी, पीएचडी, एमफिल, बीएड, बीटैक व एमटैक की शिक्षा प्राप्त की है तो बहुत खुशी होती है कि हमारे देश की शिक्षा दुनिया की शिक्षा से कितनी बेहतर है। दुनियां के अन्य देशों में लोग शिक्षा के माध्यम से पाखण्ड व रुढ़ियों को समाप्त करने का कार्य करते है, लेकिन भारत में और भी अधिका बढ़ावा देने का। ग्राम के सेवन नृत्य नारायण जैन ने अपने उद्बोधन देते हुए बताया कपिल आज देश संविधान निर्माता और करोड़ों दलितों व पिछड़ों के मसीहा बाबा साहेब अंबेडकर की 135वीं जयंती मना रहे है। मध्य प्रदेश के महू में 14 अप्रैल 1891 को जन्मे बाबासाहेब अंबेडकर अपने जमाने के सबसे पढ़े लिखे व्यक्तियों में से एक थे। डॉ. अंबेडकर एक महान राजनीतिक नेता, दार्शनिक, लेखक, अर्थशास्त्री, न्यायविद्, बहु-भाषाविद्, धर्म दर्शन के विद्वान और एक समाज सुधारक थे, जिन्होंने भारत में अस्पृश्यता और सामाजिक असमानता के उन्मूलन के लिये अपना जीवन समर्पित कर दिया। 14 अप्रैल को डॉ. बीआर अंबेडकर की जयंती होती है और इस दिन को भीम जयंती, अंबेडकर स्मृति दिवस, समानता दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर ग्राम के सरपंच, रोजगार सचिव हेमंत भुआर्य, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष संजय कुमार जैन, पंचगण पूरनलाल साहू, चंद्रभान मरकाम, कुंवरलाल उइके, धनेश्वरी रावटे, देव जैन, गजानन साहू, गौतम गांवर, राजू वैष्णव, दिलेश यदु, द्वारू जैन, चेतन रावटे, मानिक जैन, सुकालू उइके, तामेश्वर साहू, हरबंश जैन, मोहन जैन, वीरेंद्र कुलदीप, महादेव यदु, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता गायत्री यदु, सुनिता केमरो एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहें।

## अंतागढ़ में मनाई गई बाबा साहब आंबेडकर की जयंती

**अंतागढ़।** अंतागढ़ में स्थित दाऊ तालाब के पास सर्व समाज के द्वारा बाबा साहब की जयंती मनाई गई। बाबा साहब अंबेडकर एक प्रेरणा स्रोत, नारी स्वतंत्रता के मुक्तिदाता, संविधान शिल्पी आधुनिक भारत के निर्माता, लोकतंत्र के जन्मदाता, प्रसिद्ध इतिहासकार, निर्भीक पत्रकार, कुशल राजनीतिज्ञ थे एवं सर्व समाज उनके द्वारा किए गए कार्य से हमेशा आभारी रहेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक विक्रम देव उसेंडी के द्वारा तिरंगा झंठा फहराया गया एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बाबा साहब की जयंती के अवसर पर सर्व प्रथम नयापारा स्थित अंबेडकर भवन में समाज के द्वारा झंठा रोहण कर बाबा साहेब के छाया-चित्र में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तत्पश्चात सर्व समाज द्वारा डीजे व आतिशबाजी के साथ भव्य रैली निकाली गई। दोपहर 12 बजे दाऊ तालाब स्थित नवनिर्मित शांपिग कांपलेक्स में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के भव्य मूर्ति का अनावरण व लोकार्पण अंतागढ़ विधानसभा विधायक विक्रम देव उसेंडी एवं पूर्व विधायक अनूप नाग के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों द्वारा अपने उद्बोधन में भारत रत्न डॉ बाबा सहाब के जीवन की उपलब्धियों व उनके संघर्षों को याद कर कहा की वे हम सबके आदर्श है



उनके आदर्शों पर चलते हुए पूरा देश आज काम कर रहा है। संविधान निर्माण में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष राधेलाल नाग द्वारा नवनिर्मित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का नाम डॉक्टर भीमराव अंबेडकर परिसर के नाम से रखे जाने की घोषणा उनके द्वारा की गई। कार्यक्रम में जवाहर नवोदय विद्यालय में अंचल के चयनित 6 बच्चों का प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया और साथ ही तीन मिडिया प्रतिनिधियों तथा सभी समाज के समाज प्रमुखों को भी समाजिक समरसता सम्मान से सम्मानित किया गया। वहीं आयोजन समिति के द्वारा आए हुए अतिथियों को भी सामाज की ओर से प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, नगर पंचायत अध्यक्ष भानुप्रतापपुर निखिल सिंह राठौर, जनपद पंचायत अध्यक्ष मनोरमा मंडावी, उपाध्यक्ष कुबल सिंह भूसाखरे, जिला पंचायत सदस्य गुप्तेश उसेंडी, नगर पंचायत अध्यक्ष राधेलाल नाग, उपाध्यक्ष अमल सिंह नरवास, घनश्याम रामटेके बौद्ध समाज अध्यक्ष, श्रीराम शैलेन्द्र प्रांत अध्यक्ष महार महरा समाज, भीखम आरदे जिलाध्यक्ष महार महरा समाज, बीर सिंह उसेंडी, संतराम सलाम सर्व आदिवासी ब्लाक अध्यक्ष, हीरालाल मांझी, मंडल अध्यक्ष महेश उईके, पूर्व मंडल अध्यक्ष जीतू मरकाम, खंड शिक्षा अधिकारी संजय ठाकुर, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ भेषज रामटेके सहित समस्त जनपद सदस्य, पार्षदगण, सरपंच, वार्ड पंच एवं सर्व समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन सहायक खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण चतुर्वेदी, शिक्षक मोनू कौशल, सुशील दर्रो द्वारा तथा अंत मे आभार प्रकट लखेन्द्र कश्यप के द्वारा किया गया।

## समाज प्रमुख ने आंबेडकर प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, जलाया कैंडल दीप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर

विकासखण्ड भानुप्रतापपुर में डॉ. साहब भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती मनाई। समाज प्रमुख के द्वारा प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर कैंडल दीप जलाकर सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत किरण उसेंडी ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती की शुभकामनाएं देते हुए नमन किया। आईये मिलकर एक बेहतर समाज के निर्माण में सदैव अग्रसर रहें। डॉ. साहब भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती पर नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर ने कहा कि डॉ भीमराव अम्बेडकर सच्चे अर्थों में भारत रत्न एवं लोकतंत्र की जीवंत पाठशाला थे। समतामूलक एवं न्यायप्रिय समाज की



स्थापना के लिए उनका संघर्ष हम सभी को अनंत काल तक प्रेरणा प्रदान करता रहेगा। बता दें कि आज के दिन हम उनके उस काम को सम्मान देते हैं जिससे देश में समानता और इंसाफ की नींव रखी गई। ऐसे में अंबेडकर जयंती के दिन बाबा साहेब के महान और प्रेरणादायी विचारों को याद किया गया। डॉ. भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के निर्माता, महान समाज सुधारक और दलितों के अधिकारों के रक्षक थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन जातिवाद, भेदभाव और सामाजिक अन्याय के खिलाफ संघर्ष करते हुए बिताया और सभी नागरिकों को समान अधिकार दिलाने के लिए संविधान में महत्वपूर्ण योगदान दिया। डॉ. अंबेडकर ने शिक्षा, समानता और मानवाधिकारों को समाज में स्थापित करने की दिशा में कई सारे महत्वपूर्ण निर्णय लिए। अंबेडकर जयंती हमें उनके आदर्शों और विचारों को अपनाकर एक समान और न्यायपूर्ण समाज की ओर बढ़ने की प्रेरणा देती है। अंबेडकर जयंती के दिन हमें खुद तो कुछ अलग करने का प्रण लेना ही चाहिए साथ ही अपनों को शुभकामनाएं भेजकर उन्हें इसके बारे में जागरूक करना चाहिए। कार्यक्रम में अध्यक्ष जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर सुनाराम तेता, एसएस कोमरे बीईओ भानुप्रतापपुर, राधेलाल नुरूटी बीआरसी भानुप्रतापपुर, ब्लाक अध्यक्ष आदिवासी समाज कृष्णा टेकाम उपस्थित रहे।

## निःशुल्क डाटा एंट्री ऑपरेटर कोर्स का समापन, रोजगार के मिलेंगे अवसर



**कांकेर।** जिले के दसवीं पास शिक्षित, बेरोजगार, विधवा, तलाकशुदा एवं गृहणी महिलाओं को 10 फरवरी से एंबीशन इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन में दो माह का निःशुल्क डाटा एंट्री ऑपरेटर कोर्स का प्रशिक्षण दिया गया। समापन के अवसर पर प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। दो माह के निःशुल्क डेटा एंट्री ऑपरेटर प्रशिक्षण में जिलेभर के लगभग 50 महिलाओं ने प्रशिक्षण लेकर डिजिटल साक्षरता की ओर एक नया कदम बढ़ाया है। इस दो माह के कंप्यूटर प्रशिक्षण में इन्हें बेसिक कंप्यूटर, एमएस ऑफिस, हार्डवेयर एंड सॉफ्टवेयर के साथ-साथ हिंदी इंग्लिश टाइपिंग एवं इंटरनेट की उपयोगिता के बारे में प्रशिक्षण दिया गया, जिसका समापन 13 अप्रैल को हुआ। मुख्य अतिथि की आसंदी से जनपद सदस्य शिल्पा साहू ने डिजिटल साक्षरता को अपने जीवन में उतारकर स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर के क्षेत्र में रोजगार के एवं नौकरी के अपार संभावनाएं हैं। हम सभी को कंप्यूटर का प्रशिक्षण आवश्यक लेना चाहिए, अगर नौकरी ना लगे तब की स्थिति में उसे स्वरोजगार के रूप में अपने जीवन में शामिल करना चाहिए और साथ ही उन्होंने प्रशिक्षु महिलाओं को चारदीवारी से बाहर निकाल कर तकनीकी कौशल और स्वालंबन की ओर अपने कदमों को बढ़ाने की इस प्रयास की सराहना किया।

**अनुभव किया साझा:** प्रशिक्षु महिलाओं ने भी समापन समारोह में अपने दो माह के अनुभव को साझा करते हुए भावुक होते हुए कहा कि निश्चित रूप से यह कोर्स हमारे जीवन में एक नए पथ प्रदर्शक के रूप में काम आएगा।

## साइंस की प्रश्न उत्तरीय प्रतियोगिता एवं रोबोटिक्स कार्यशाला का आयोजन

# छात्र-छात्राओं ने किया बौद्धिक, यांत्रिक एवं तर्कशक्ति का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

छात्र छात्राओं के लिए साइंस प्रश्न उत्तरीय प्रतियोगिता एवं रोबोटिक्स कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राएं अपने जिज्ञासा एवं मानसिक क्षमताओं का उपयोग करते हुए प्रतियोगिता में उत्साह और जोश के साथ बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर अपनी बौद्धिक, यांत्रिक एवं तर्कशक्ति का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पैराडाइज हायर सेकेण्डरी में आयोजित प्रतियोगिता में चार ए, बी, सी एवं डी ग्रुप बनाया गया, जिसमें सभी ग्रुप अपने ज्ञान एवं तर्क शक्ति के सभी प्रश्नों का बहुत सहज तरीके के जवाब दिया। इस प्रतियोगिता में गुप ए में अंश साहू, गर्व यादव, प्रेरणा यादव, मान्यता पटेल, ग्रुप बी सानिध्य सिंह, करूणावासनी मण्डावी, कव्यांश कोड़ोपी व तेजस्वी देवांगन, ग्रुप सी हामीद अली, अर्श अली बेग, गुलाम मोहिउद्दीन, सानिध्य निर्मलकर तथा ग्रुप डी में आसमा खान, यमन मरकाम, विविका कोर्राम, नोसिद्ध नेताम ने भाग लिया, जिसमें प्रतियोगिता में प्रथम विजेता ग्रुप बी, द्वितीय स्थान ग्रुप ए रहा तथा तृतीय स्थान ग्रुप सी ने हासिल किया और सभी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के साइंस एवं रोबोटिक्स मॉडल एवं प्रोजेक्ट बनाकर उस मॉडल की कार्य विधि एवं उपयोगिता के बारें में विस्तार से वर्णन कर अपना साइंस मॉडल एवं प्रोजेक्ट की प्रदर्शनी लगाई। छात्रों द्वारा रोबोटिक कार ब्लूटूथ से चलाकर प्रदर्शन किया गया तथा ड्रोन चलाकर भी छात्रों ने अन्य छात्रों दिखाया। इस साइंस प्रश्नउत्तरीय प्रतियोगिता एवं रोबोटिक्स कार्यशाला द्वारा छात्र-छात्राओं में विज्ञान के प्रति रूचि दिखाई तथा प्रश्नों के माध्यम से विज्ञान विषय के प्रति उनकी जिज्ञास एवं तर्क शक्ति क्षमता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के प्रभारी शिक्षक अनिल कुमार ढाके, पवित्र बढ़ाई, रीया सोनी, दीपांजली, गोगोई, पेकटेंश पटेल, संगीता भारती, पार्वती गजबल्ला, रिंकी सेठी, सुकदेव सरकार का मार्गदर्शन रहा। ज्ञानवर्धक कार्यक्रम को संपन्न कराने में प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य हरिन्द्र गोलुगुरी, एडमिनिस्ट्रेटर हमीद खान, कोऑर्डिनेटर पूनम जीत कौर एवं समस्त शिक्षकों के प्रयास से संभव हो सका।



■ विद्यार्थियों ने उड़ाए ड्रोन, रोबोटिक कार भी चलाई

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com


By Train-रिजर्वेशन कोच
01 जुलाई से 11 जुलाई , 15 जुलाई से 25 जुलाई, 27 जुलाई से 06 अगस्त 2025(11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 20,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411